SA-01

December - Examination 2025
B.A. (Part-I) Examination
SANSKRIT
(नाटक, कथा–साहित्य, छन्द एवं अलंकार)
Paper : SA-01

[*Time: 3 Hours*] [*Maximum Marks: 70*]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) नायक कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।
   (ii) मगध नरेश दर्शक की बहन कौन थी?
   (iii) स्वप्नवासवदत्तम् में कितने अंक है?
   (iv) उदयन के महामन्त्री का नाम लिखिए।
   (v) नीतिकथासाहित्य के दो प्रसिद्ध ग्रन्थों के नाम लिखिए।
   (vi) 'वर्णिक छन्द' के भेद लिखिए।
   (vii) 'अर्थालंकार' को परिभाषित कीजिए।

खण्ड–'ब' **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. अधोलिखित में से किसी एक पद्य की हिन्दी भाषा में सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

तीर्थोदकानि समिधः कुसुमानि दर्भान्
स्वैरं वनादुपनयन्तु तपोधनानि।
धर्मप्रिया नृपसुता न हि धर्मपीड़ा –
मिच्छेत तपस्विषु कुलव्रतमेतदस्याः।।

अथवा

कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले,
रज्जच्छेदे के घटं धारयन्ति।
एवं लोकस्तुल्यधर्मो वनानां,
काले–काले छिद्यते रूह्रते च।।

3. वासवदत्ता की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।
4. संस्कृत नाटकों के उद्भव एवं विकास क्रम पर लेख लिखिए।
5. भास की काव्यशैली का विवेचन कीजिए।
6. नीतिकाव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
7. अधोलिखित में से किन्हीं दो सूक्तियों की हिन्दी भाषा में व्याख्या कीजिए –
   (क) अनिर्ज्ञातानि देवतान्यवधूयन्ते।
   (ख) कर्तारः सुलभा लोके विज्ञातारस्तु दुर्लभाः।
   (ग) प्रद्वेषो बहुमानो वा संकल्पादुपजायते।
   (घ) साक्षिमन्न्यासो निर्यातयितव्यः।
8. अधोलिखित में से किन्हीं दो छन्दों के लक्षण और उदाहरण लिखिए –
   (क) आर्या (ख) उपजाति (ग) हरिणी (घ) शार्दूल विक्रीडितम्
9. अधोलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों के लक्षण और उदाहरण लिखिए –
   (क) यमकम् (ख) उत्प्रेक्षा (ग) निदर्शना (घ) विभावना

खण्ड–'स' **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. अधोलिखित में से किन्हीं दो पद्यों की हिन्दी भाषा में सप्रसंग व्याख्या कीजिए –
    (क) प्राणा यथात्मनोऽभीष्टा भूतानामपि ते तथा।
    आत्मौपम्येन भूतेषु दयां कुर्वन्ति साधवः।।
    (ख) अज्ञातकुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित्।
    मार्जारस्य हि दोषेण हतो गृध्रो जरद्गवः।।
    (ग) अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्।
    उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।
    (घ) संसार विषवृक्षस्य द्वे एव रसवत्फले।
    काव्यामृतरसास्वादः संगमः सुज्जनैः सह।।
11. भास का जीवनवृत्त लिखते हुए उनकी किन्हीं चार रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
12. वृद्ध ब्राह्मण एवं व्याघ्र की कथा का सारांश लिखकर कथा से प्राप्त होने वाली शिक्षा का उल्लेख कीजिए।
13. 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक के नामकरण की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए इसके कथानक को संक्षेप में लिखिए।